




नवभारत
भोपाल, मंगलवार 17 मार्च 2026


एक नजर में



## ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**छतरपुर.** आगामी त्यौहार ईद और रामनवमी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नौगांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया. बैठक का मुख्य उद्देश्य त्यौहारों के दौरान नगर में कानून-व्यवस्था, आपसी भाईचारा और सुरक्षा इंतजामों को मजबूत करना रहा. बैठक के दौरान एसडीओपी हर्ष राठौर और तहसीलदार रमेश कोल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नौगांव का इतिहास हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे का रहा है. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ईद और रामनवमी के पर्व के दौरान प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहेगा. साथ ही नगर पालिका और संबंधित विभागों को पेयजल, साफ-सफाई और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. प्रशासनिक अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे त्यौहारों को पारंपरिक उत्साह और भाईचारे के साथ मनाएं तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली किसी भी भ्रामक खबर या अफवाह पर ध्यान न दें. बैठक में नायब तहसीलदार, टीआई बाल्मीक चौबे और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे. शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए नगरवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की.



## बमीठा टीआई के नाम पर ग्रामीण को धमकी

**छतरपुर.** जिले में साइबर ठगों और जालसाजों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे पुलिस अधिकारियों के नाम पर भी उगाही की कोशिश कर रहे हैं. ताजा मामला बमीठा थाना क्षेत्र के देवगांव का है, जहां निवासी दीनदयाल शर्मा को एक अज्ञात व्यक्ति ने बमीठा थाना प्रभारी (टीआई) के नाम से फोन कर न केवल धमकाया, बल्कि पैसों की मांग भी की. इस गंभीर मामले का खुलासा सोमवार को छतरपुर सीएसपी ने मीडिया के सामने किया. सोमवार 16 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने घटना की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पीड़ित दीनदयाल शर्मा को एक फोन कॉल आया था, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बमीठा थाना प्रभारी बताते हुए उन पर दबाव बनाया और रुपये की मांग की. घबराए पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई. सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग द्वारा इस तरह का कोई फोन नहीं किया गया है और यह धोखाधड़ी का प्रयास है. पुलिस अब उस मोबाइल नंबर और कॉलर की पहचान करने में जुटी है, जिसने पुलिस अधिकारी बनकर वसूली की कोशिश की. प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई अनजान व्यक्ति पुलिस अधिकारी बनकर फोन पर पैसे मांगे तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाने को दें और किसी भी तरह के झांसे में न आएं.



## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने किया हाथ साफ

**छतरपुर.** जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 17 स्थित बुंदेला बब्बा कॉलोनी में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. फोरलेन के पास किराए के मकान में रहने वाले हरनाम सिंह यादव के सूने घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया. घटना उस समय हुई, जब पीड़ित परिवार घर में ताला लगाकर इलाज के सिलसिले में बाहर गया हुआ था. चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया. पीड़ित हरनाम सिंह यादव ने बताया कि वे 13 तारीख की शाम करीब 6 बजे अपनी पत्नी का उपचार कराने के लिए ग्वालियर गए थे. इसी दौरान खाली घर पाकर चोरों ने धावा बोल दिया. जानकारी के अनुसार चोरों ने केवल कीमती सामान ही नहीं, बल्कि घर में रखा राशन भी नहीं छोड़ा. घर से 5 किलो चावल, मूंग और अरहर की दाल, रिफाइंड तेल, निरमा, भरा हुआ गैस सिलेंडर, साइकिल, प्रेस और दो चश्मे सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया गया. घरेलू सामान के साथ-साथ चोरों ने घर में रखे जेवरात और नगदी पर भी हाथ साफ किया. बताया गया है कि अलमारी में रखी चांदी की पायल, करीब 10 तोला अठन्नी, मंगलसूत्र, चुन्नी, अंगूठी और लगभग 30 हजार रुपये नकद भी गायब हैं. पीड़ित का आरोप है कि घटना की शिकायत थाने में की गई है, लेकिन अब तक पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई है. पीड़ित परिवार ने प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है.

## बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष की हुई सजा

**कुरवाई.** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम के न्यायालय में बलात्कार के आरोपी को 10 वर्ष के कारावास सजा तथा 5000- रूपया के अर्थदण्ड से दंडित किया गया .अतिरिक्त लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह दांगी के अनुसार घटना 19 मई 2021 की है .जिसमें फरियादिया ने थाना कुरवाई आकर एक लिखित सूचना दी गई, इलाज कराने गंजबासौदा गई थी इलाज कराने के बाद कुरवाई आने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थी तभी आरोपी ने कुरवाई छोड़ने का बहाना करके मोटरसाइकिल पर बैठा लिया था. रूसिया के कच्चे मोड पर पहुंची तो आरोपी ने गाड़ी रोककर जबरदस्ती आड में ले जाकर बलात्कार किया, जान से खत्म करने की धमकी दी, जिस पर से थाना कुरवाई में अपराध क्र. 185/2021 धारा,376, 506 भादवि. के अन्तर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालानी कार्यवाही कर विचारण हेतु न्यायालय कुरवाई में चालान पेश किया गया जिस पर से अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्षियों , चश्मदीद गवाहो के ब्यानो से सहमत होते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीशआनंद गौतम कुरवाई जिला विदिशा ने आरोपी अरविंद अहिरवार को 10वर्ष का कारावास एवं 5000- रूपया के अर्थदण्ड से दंडित किया.

# मुरम का अवैध कारोबार जोरों पर

**प्रशासन मौन**

## 1.5 किलोमीटर की सड़क बनाने 190 करोड़ की लागत

### 06 माह से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



**चंदला, 16 मार्च. क्षेत्र में अवैध मुरम खनन का कारोबार तेजी से फैलता नजर आ रहा है. कहीं नहर से तो कहीं पहाड़ और शासकीय भूमि से मुरम निकाली जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कथित मिलीभगत से शासकीय नहर से मुरम निकालकर सड़क निर्माण में उपयोग किया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत माधवपुर के काछिन पुरवा पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य आरआरबी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है. करीब 1.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण लगभग 1.90 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है. आरोप है कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली मुरम चंदला स्थित भोले बाबा आश्रम के पास से निकली नहर से एलएनटी मशीनों द्वारा खुदाई कर डंपरों से उठाई जा रही है.

ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई विभाग ने आरआरबी कंस्ट्रक्शन के नाम पर केवल 382 घन मीटर मुरम की रसीद ?60 प्रति घन मीटर की दर से काटी है, जिसकी कुल राशि करीब 22,920 रुपये बनती है. जबकि मौके पर करीब 600 डंपर मुरम निकाले जाने का आरोप लगाया जा रहा है. ग्रामीणों के अनुसार हजारों घन मीटर मुरम निकालकर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है.

ग्रामीण कल्लू प्रसाद कुशवाहा, सूरज सिंह कुशवाहा और माधवपुर के सरपंच प्रतिनिधि हरिशंकर प्रजापति ने आरोप लगाया कि नहर से भारी मात्रा में मुरम निकाली जा रही है, जबकि रसीद बहुत कम मात्रा की काटी गई है. उनका कहना है कि करीब दो हजार घन मीटर से अधिक मुरम सड़क निर्माण में उपयोग हो चुकी है. भाजपा के चंदला मंडल अध्यक्ष गौरव दीक्षित ने भी मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच कराने की मांग की है. वहीं सिंचाई विभाग के सब इंजीनियर दिलीप मिश्रा का कहना है कि मुरम की रसीद काटी गई है और यदि अधिक खनन पाया गया तो अतिरिक्त रसीद काटी जाएगी. कार्यपालन यंत्री लता वर्मा ने भी जांच के लिए एसडीओ को भेजने की बात कही है. ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से शासकीय नहर और अन्य स्थानों से अवैध मुरम निकाली जा रही है. शिकायतों के बावजूद छह माह से कार्रवाई न होने से विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं. अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा.



## एक माह में उखड़ी सड़क भ्रष्टाचार की खुली पोल

**चंदला/गौरीहार, 16 मार्च. जनपद पंचायत गौरीहार अंतर्गत ग्राम पंचायत नांद में बनी सीसी सड़क निर्माण में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं. महेश्वरीदीन पटेल के घर से संतावनदीन पटेल के दरवाजे तक करीब 110 मीटर लंबी बनाई गई सीसी सड़क निर्माण के एक माह के भीतर ही कई स्थानों से टूटकर टुकड़ों में बदल गई है.**

सड़क की स्थिति देखकर साफ प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई है. ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सामग्री और लापरवाही के साथ निर्माण कार्य कराया गया, जिसके कारण सड़क इतनी जल्दी खराब हो गई. इससे पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं.

ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पंचायत में अधिकांश निर्माण कार्य इसी तरह किए जाते हैं. उनका कहना है कि सड़क बने अभी एक महीना भी नहीं हुआ और कई जगहों से उखड़ने लगी है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है.

जब इस संबंध में सरपंच उर्मिला मिश्रा के सरपंच प्रतिनिधि से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 'सीसी सड़क इसी तरह बनती है, आप जांच करवा लीजिए, कुछ नहीं होगा, सीसी सही है.' उनके इस बयान से ग्रामीणों में और नाराजगी देखी गई.

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सीसी सड़क निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए और यदि अनियमितता सामने आती है तो सरपंच, सचिव और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

इस मामले में गौरीहार जनपद की एसडीओ मधु प्रजापति का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी कागजों में ही सीमित रह जाता है.



## प्यार के लिए बदला धर्म : दो बहनों ने किया विवाह

**छतरपुर, 16 मार्च.** जिले के नौगांव में दो युवतियों के लापता होने के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है. बिसलेरी रोड निवासी इकबाल राइन और इरफान राइन की दो चचेरी बेटियां, जो करीब एक महीने पहले घर से गायब हो गई थीं, सोमवार को नौगांव थाने पहुंचीं. पुलिस को दिए गए बयानों में दोनों युवतियों ने बताया कि उन्होंने नागपुर के आर्य समाज मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर लिया है और अब अपने नए नाम भी रख लिए हैं.



## मुड़िया पहाड़ के जंगल में बाघ का हमला

- लकड़ी काटने गए किसान को दबोचा, हालत गंभीर

**छतरपुर. सटई थाना क्षेत्र के ग्राम कसार में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब जंगल गए एक वृद्ध किसान पर बाघ ने जानलेवा हमला कर दिया. बाघ के हमले में 60 वर्षीय किसान शंकर रैकवार गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है.**

ग्राम कसार निवासी शंकर रैकवार सोमवार सुबह मुड़िया पहाड़ के पास लकड़ी काटने के लिए जंगल गए थे. इसी दौरान झाड़ियों में घात लगाए बैठे बाघ ने अचानक पीछे से उन पर हमला कर दिया. बाघ ने किसान की गर्दन, हाथ, पीठ और चेहरे पर अपने पंजों से गहरे घाव कर दिए, जिससे उनका एक कान भी कट गया. किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण शोर मचाते हुए मौके पर पहुंचे, जिसके बाद बाघ उन्हें छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला. ग्रामीणों ने लहूलुहान हालत में शंकर रैकवार को तुरंत अस्पताल पहुँचाया. फिलहाल जिला अस्पताल में उनका इलाज जारी है, जहाँ उनकी हालत गंभीर बनी हुई है. इस घटना के बाद पूरे इलाके में बाघ की मौजूदगी को लेकर दहशत का माहौल है.

## महंगाई के खिलाफ एनएसयूआई का हल्लाबोल

### विश्वविद्यालय गेट पर सिलेंडर रखकर जताया विरोध

- छतरपुर में गैस किल्लत और कालाबाजारी का आरोप
- 860 का सिलेंडर 1500 में बेचने का दावा



**छतरपुर, 16 मार्च. जिले में गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम और भारी किल्लत को लेकर सोमवार को एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया. दोपहर करीब 2 बजे महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर कार्यकर्ताओं ने खाली सिलेंडर रखकर जमकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की.**

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की नाक के नीचे रसोई गैस की कालाबाजारी का खेल चल रहा है, जिससे आम जनता परेशान है.

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि अधिकारी एसी कमरों से बाहर निकलकर जनता की समस्याएं देखें. उनका कहना था कि एक सिलेंडर के लिए 10 दिन पहले से बुकिंग करानी पड़ती है और घंटों कतार में खड़ा होना पड़ता है, इसके बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा है. प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि जो सिलेंडर आधिकारिक रूप से 860 का है, उसे शहर में 1400 से 1500 तक के ऊंचे दामों पर अवैध रूप से बेचा जा रहा है. एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस की किल्लत दूर नहीं हुई और कालाबाजारी पर रोक नहीं लगी, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे. उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विशेष टीम बनाकर गैस एजेंसियों और अवैध गोदामों पर छापेमारी की जाए,

## एनएच-39 पर धू-धू कर जली चलती कार

### बाल-बाल बचे सात सवार, झांसी-खजुराहो मार्ग पर मची अफरा-तफरी

- नौगांव के पास देवी बाध पर बड़ा हादसा टला
- दमकल ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

**छतरपुर, 16 मार्च. जिले के नौगांव के पास नेशनल हाईवे-39 पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. झांसी से खजुराहो की ओर जा रही एक इकोस्पोर्ट कार में अचानक चलते-चलते आग लग गई. गनीमत रही कि कार में सवार सभी सात लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.**

हालांकि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी कार जलकर खाक हो गई.



जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 11 बजे देवी बाध और करारा गंज के पास यह हादसा हुआ. कार जैसे ही हाईवे से गुजर रही थी, अचानक उसमें से धुआं उठने लगा और कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया.

बीच सड़क पर जलती कार को देखकर हाईवे पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और कुछ देर के लिए दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही भी थम गई.

> घटना की सूचना मिलते ही अलीपुर थाना पुलिस और एनएच-39 हाईवे का स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंच गया. दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी और सिर्फ ढांचा ही बचा था. बताया जा रहा है कि यह कार निवाड़ी जिले के नोटा गांव निवासी धर्मेंद्र पटेल की है. पुलिस फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच कर रही है.

## ब्लैक में 1700 में बेचा जा रहा सिलेंडर

### शिकायत पर फूड और राजस्व विभाग ने गैस एजेंसी सील की

**चंदला, 16 मार्च. बछौन क्षेत्र में संचालित सिमराही इंडेन गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का मामला सामने आया है. आरोप है कि एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं को नियमित रूप से एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा रहा था और उन्हीं के सामने खुलेआम 1700 में सिलेंडर ब्लैक में बेच रहा था.**

शनिवार को परेशान उपभोक्ताओं ने एजेंसी के सामने विरोध प्रदर्शन कर मामले की शिकायत एसडीएम लवकुशनगर से की. बताया गया है कि सामान्य तौर पर 930 में मिलने वाला गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को 1700 में खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था. एजेंसी संचालक द्वारा पिछले कई दिनों से यह अवैध कार्य किए जाने की बात सामने आई है.

सिमराही गैस एजेंसी में कालाबाजारी की शिकायत मिलने के बाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष तोमर और बछौन के नायब तहसीलदार दिनेश खटीक मौके पर पहुंचे. हालांकि, अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही एजेंसी संचालक ताला लगाकर मौके से फरार हो गया. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष तोमर ने एजेंसी स्टाफ को मौके पर बुलाने की कोशिश की, लेकिन सभी के मोबाइल फोन बंद मिले.




इसके कारण अधिकारियों द्वारा मौके पर भौतिक सत्यापन नहीं किया जा सका. इसके बाद राजस्व और फूड विभाग की टीम ने गैस एजेंसी को सील कर दिया. इस कार्रवाई के बाद बछौन क्षेत्र के करीब एक हजार उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है, क्योंकि उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है.

उपभोक्ताओं का यह भी आरोप है कि एजेंसी संचालक ने सैकड़ों उपभोक्ताओं की गैस उपभोक्ता किताबें भी जबरन जमा कर ली हैं. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष तोमर ने बताया कि सिमराही इंडेन गैस एजेंसी की जांच के लिए टीम पहुंची थी, लेकिन एजेंसी में ताला लगा मिला, इसलिए उसे सील कर दिया गया. भौतिक सत्यापन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. यदि जांच में गड़बड़ी पाई जाती है, तो गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी.

**जयंती** | गल्ला मंडी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली पालकी यात्रा, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

## भक्ति के रंग में रंगा नौगांव, मां कर्माबाई की शोभायात्रा निकली

**छतरपुर, 16 मार्च. नगर में भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई जयंती के अवसर पर साहू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत गल्ला मंडी स्थित मां कर्माबाई मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया. हर वर्ष की तरह इस बार भी समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा गया और मां की पावन पालकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी.**



शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण पीले वस्त्र धारण किए हुए सैकड़ों महिलाएं रहीं, जो सिर पर मंगल कलश रखकर अनुशासन के साथ चल रही थीं. बैंड-बाजों, सजे-धजे घोड़ों और डीजे पर बज रही भक्ति धुनों पर युवा और बच्चे झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे.नगर भ्रमण के दौरान ईशानगर चौराहा, कोठी चौराहा, तहसील चौराहा और बस स्टैंड जैसे प्रमुख मार्गों पर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया. यह भव्य यात्रा मुसाफिरखाना चौराहा होते हुए पुनः मां कर्माबाई मंदिर पहुँची, जहाँ विशेष आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया. कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की. इस अवसर पर रज्जू साहू, राजेश साहू, राहुल साहू, चिंटू, शंकर, गोकर्ण और मनोज सहित साहू समाज के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.